# 29 लाख न मिलने पर उठाया था आत्मघाती कदम, दोस्त गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के झौहना गोसाईपुरवा गांव में पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या के बाद आत्महत्या के चर्चित मामले में पुलिस ने मृतक के दोस्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 29 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर पैदा हुआ विवाद इस घटना की प्रमुख वजह बनकर सामने आया है। घटना से पहले मृतक द्वारा बनाए गए वीडियो में भी आरोपी पर रुपये वापस न करने का आरोप लगाया गया था।



चंद्रभान गिरी

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कोडरी घाट के पास से चंद्रभान गिरी उर्फ दद्दन गिरी निवासी लालपुर, थाना ललिया को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि बजरंगी गिरी ने उसे 29 लाख रुपये दिए थे। यह रकम व्यापार में फंस जाने के कारण वह समय पर वापस नहीं कर सका, जबकि बजरंगी लगातार रुपये मांग रहा था। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

एसपी ने बताया कि 31 जुलाई को मृतक के भाई राजेश गिरी ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर आरोप लगाया था

## पत्नी और दो बच्चों की हत्या के बाद आत्महत्या मामले में पुलिस का खुलासा

### वीडियो में रुपये न लौटाने का लगाया था आरोप

कि बजरंगी गिरी ने अपने परिचित चंद्रभान गिरी को 29 लाख रुपये उधार दिए थे। कई बार मांगने के बावजूद रकम वापस नहीं मिली। इसी तनाव में बजरंगी ने कथित तौर पर अपनी पत्नी कोमल (25), तीन वर्षीय बेटी श्रद्धा और एक वर्षीय बेटे जयदीप की गोली मारकर हत्या कर दी तथा बाद में स्वयं भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

घटनास्थल से पुलिस ने एक 12 बोर और दो .315 बोर के अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस तथा एक कैंची बरामद की थी। जांच के दौरान मृतक का मोबाइल फोन भी मिला, जिसमें घटना से पहले रिकॉर्ड किया गया एक वीडियो मिला। पुलिस के अनुसार, वीडियो में बजरंगी ने परिवार की हत्या और आत्महत्या की बात कहते हुए चंद्रभान गिरी पर रुपये वापस न करने का आरोप लगाया था।

एसपी ने बताया कि आरोपी के बयान, मोबाइल से मिले इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और घटनास्थल से बरामद सामग्री को विवेचना का हिस्सा बनाया गया है। मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।